http://www.onlineBU.com

# AF-2514

M.A. (Previous)
Term End Examination, 2017-18

## HINDI

Paper - II

## आधुनिक हिन्दी काव्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100
[*Minimum Pass Marks* : 36

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) ''सखि, नीलनभस्सर में उतरा,
यह हंस अहा! तरता-तरता,
अब तारक-मौक्तिक शेष नहीं,
निकला जिनको चरता-चरता।
अपने हिम बिंदु बचे तब भी,
चलता उनको धरता-धरता,
गड़ जाए न कण्टक भूतल के,
कर डाल रहा डरता-डरता।''

***अथवा***

http://www.onlineBU.com



''और देखा वह सुंदर दृश्य, नयन का
इन्द्रजाल अभिराम।
कुसुम वैभव में लता समान, चंद्रिका से लिपटा
घनश्याम।
हृदय की अनुकृति बाह्य उदार, एक लंबी
काया उन्मुक्त।
मधु-पवन-क्रीड़ित ज्यों शिशु साल, सुशोभित
हो सौरभ-संयुक्त।''

(ख) ''ऐसे क्षण अंधकार घन में जैसे विद्युत
जागी पृथ्वी-तनया-कुमारिका-छवि, अच्युत
देखते हुए निष्पलक, याद आया उपवन
विदेह का, प्रथम स्नेह का लतान्तराल मिलन
नयनों का नयनों से गोपन प्रिय संभाषण,
पलकों का नव पलकों पर प्रथमोत्थान-पतन,
काँपते हुए किसलय, झरते पराग-समुदय,
गाते खग-नव-जीवन-परिचय, तरू मलय-वलय,
ज्योति-प्रपात स्वर्गीय, ज्ञात छवि प्रथम स्वीय,
जानकी-नयन-कमनीय प्रथम कम्पन तुरीय।''

***अथवा***

''किसी को सोने के सुख साज
मिल गए यदि ऋण भी कुछ आज;

http://www.onlineBU.com



चुका लेता दु:ख कल ही ब्याज
काल को नहीं किसी की लाज!
विपुल मणि रत्नों का छवि जाल,
इन्द्रधनु की-सी छटा विशाल
विभव की विद्युत ज्वाल
चमक, छिप जाती है तत्काल;
मोतियों जड़ी ओस की डार
हिला जाता चुपचाप बयार!''

(ग) यह वीणा जो स्वयं एक जीवन-भर की साधना रही?
भूल गया था केशकम्बली राज-सभा को;
कम्बल पर अभिमंत्रित एक अकेलेपन में डूब गया था
जिसमें साक्षी के आगे था
जीवित वही किरीटी-तरू
जिसकी जड़ वासुकि के फण पर थी आधारित,
जिसके कंधों पर बादल सोते थे
और कान में जिसके हिमगिरि कहते थे अपने रहस्य।
संबोधित कर उस तरू को, करता था
नीरव एकालाप प्रियंवद।

***अथवा***

http://www.onlineBU.com



खड़ी हो गई चाँपकर, कंकालों की हूक।
नभ में विपुल विराट सी, शासन की बंदूक।
उस हिटलरी गुमान पर सभी रहे हैं थूक।
जिसमें कानी हो गई, शासन की बंदूक।
बढ़ी बधिरता दसगुनी, बने विनोबा मूक।

**2.** 'साकेत' नवम् सर्ग के काव्य-वैभव पर प्रकाश डालिए। 15

*अथवा*

महाकाव्य के तत्वों के आधार पर कामायनी का मूल्यांकन कीजिए।

**3.** छायावाद के परिप्रेक्ष्य में निराला के काव्य का मूल्यांकन कीजिए। 15

*अथवा*

नागार्जुन की काव्यगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लघु-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 5$

(क) 'राम की शक्ति पूजा' का भाव सौंदर्य

(ख) महादेवी वर्मा का साहित्यिक वैभव

(ग) हिंदी गज़ल और दुष्यंत कुमार

(घ) प्रगतिवाद

http://www.onlineBU.com



(ङ) हरिवंश राय बच्चन के काव्य की विशेषताएँ

(च) अयोध्या सिंह उपाध्याय का साहित्यिक परिचय

(छ) धर्मवीर भारती का 'अंधायुग'

(ज) मुकुटधर पाण्डेय का साहित्यिक परिचय

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×20

(क) 'झाँसी की रानी' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग हैं ?

(ग) 'मतवाला' पत्रिका के संपादन में किस छायावादी कवि की भागीदारी रही है ?

(घ) 'तार सप्तक' के संपादक कौन हैं ?

(ङ) 'ब्रह्मराक्षस' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(च) राष्ट्रीय काव्यधारा के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

(छ) प्रसिद्ध हालावादी कवि का नाम लिखिए।

(ज) 'कामायनी' के दो प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(झ) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है ?

http://www.onlineBU.com



(ञ) अज्ञेय किस वाद के प्रवर्त्तक माने जाते हैं?

(ट) खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य किसे माना जाता है?

(ठ) 'उद्धव-शतक' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ड) 'सतपुड़ा के घने जंगल' किस कवि की प्रसिद्ध कविता है?

(ढ) 'गुनाहों का देवता' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ण) 'धूमिल' का पूरा नाम लिखिए।

(त) दो प्रगतिवादी कवियों के नाम लिखिए।

(थ) 'असाध्य बीणा' के साधक का नाम लिखिए।

(द) 'संसद से सड़क तक' किसकी रचना है?

(ध) सुमित्रानंदन पंत के महाकाव्य का नाम लिखिए।

(न) बच्चन जी की जीवनी के किसी एक खंड का नाम लिखिए।

(प) 'कामायनी' में 'आभाव की चपल बालिका' किसे कहा गया है?

(फ) 'आँसू' के रचनाकार का नाम लिखिए।

http://www.onlineBU.com



(ब) उर्मिला का विरह वर्णन 'साकेत' के किस सर्ग में है ?

(भ) अज्ञेय की 'प्रसिद्ध' लंबी कविता का नाम लिखिए।

(म) धर्मवीर भारती ने किस पत्र का संपादन किया ?

---